# चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ

# Ch. Charan Singh University, Meerut

पत्रांक : प0नि0का0/II/1001 दिनांक : 05.08.2026

सेवा में,

समस्त प्राचार्य/प्राचार्या/निदेशक,
सम्बद्ध महाविद्यालय एवं संस्थान,
चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।

महोदय/महोदया,

समस्त महाविद्यालयों से अनुरोध है कि सत्र 2025–26 में प्रवेशित छात्र/छात्राओं के परीक्षा फार्म विश्वविद्यालय में जमा कराने से पूर्व कृपया यह सुनिश्चित कर लें कि अन्य विश्वविद्यालयों के छात्र/छात्राओं जिन्होंने आपके महाविद्यालय/संस्थान में प्रवेश लिया है, के मूल माइग्रेशन प्रमाण पत्र परीक्षा फार्म के साथ संलग्न हैं। परीक्षाफार्म मूल माइग्रेशन सहित जमा करने की अन्तिम तिथि 05.08.2026 निर्धारित की गयी थी, जिसे 20.08.2026 तक विस्तारित किया जाता है तथा आपको निदेशित किया जाता है कि विस्तारित तिथि तक माइग्रेशन व परीक्षा फार्म आवश्यक रूप से जमा करना सुनिश्चित करें।

उक्त के सम्बन्ध में यह सुनिश्चित कर लें कि बाह्य विश्वविद्यालय से चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय में नव प्रवेशित समस्त छात्र/छात्राओं के मूल माइग्रेशन प्रमाण–पत्र संलग्न किये जा रहे हैं, किसी भी छात्र का मूल माइग्रेशन प्रमाण–पत्र संलग्न न होने की दशा में परीक्षाफार्म स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

**नोट – ऐसे महाविद्यालय जिन्होंने बी0एड0 प्रथमवर्ष 2026 के परीक्षाफार्म बी0एड0 परीक्षा विभाग में जमा कर दिये गये हैं, सम्बन्धित विद्यार्थियों के मूल माइग्रेशन प्रमाण–पत्र उक्त तिथि तक जमा कराना सुनिश्चित करें।**

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. वैयक्तिक सहायक कुलपति को मा0 कुलपति जी के सूचनार्थ।
2. वैयक्तिक सहायक कुलसचिव को कुलसचिव के सूचनार्थ।
3. प्रभारी परीक्षा, बी0एड0 सेल व कमेटी सेल को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
4. प्रभारी विश्वविद्यालय वेबसाइट को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
5. प्रेस प्रवक्ता, चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय को इस आशय के साथ प्रेषित कि कृपया उक्त सूचना छात्र हित निःशुल्क प्रकाशित कराने का कष्ट करें।

परीक्षा नियंत्रक